

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

**अनमोल वचन**

"लोग चाहते हैं कि मैं बेहतर करूं, लेकिन वो कभी नहीं चाहते कि मैं उनसे बेहतर करूं ।"

मंगलवार 24 फ़रवरी 2026 बर्ष 02 अंक 54 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com

## सरमेरा में ऑर्केस्ट्रा अड्डे पर बड़ी कार्रवाई- दिल्ली टीम के साथ छापेमारी 6 नाबालिग लड़की सहित 13 महिलाओं का रेस्क्यू, संचालक गिरफ्तार

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट, सरमेरा (नालंदा)।** नेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन , नई दिल्ली के आदेश पर दिल्ली से आई विशेष टीम के समन्वय में सरमेरा बाजार में छापेमारी कर 13 महिलाओं को रेस्क्यू किया गया। दिल्ली से आई टीम में अक्षय पांडेय (इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर, रेस्क्यू फाउंडेशन, दिल्ली), वीरेंद्र कुमार सिंह (डायरेक्टर, मिशन मुक्ति फाउंडेशन, दिल्ली), सिद्धांत घोष (रेस्क्यू एंड रिलीफ फाउंडेशन, पश्चिम बंगाल) शामिल थे। इनके साथ जिला बाल कल्याण समिति के सदस्य धनंजय कुमार, जिला बाल संरक्षण इकाई/चाइल्ड हेल्पलाइन नालंदा के जिला प्रबंधक रंजन कुमार पाठक तथा प्रयास जुव.ेनाइल एड सेंटर, नालंदा से अब्दुल मलिक खान, शैलेन्द्र प्रसाद और पूजा पांडेय मौजूद थे। पूरी कार्रवाई का समन्वय एसपी नालंदा के निर्देश पर किया गया। इसके बाद महिला थाना, एएचटीयू नालंदा, पुलिस लाइन बल एवं सरमेरा थाना पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर सरमेरा बाजार के चेरो रोड स्थित एल.के. प्रताप (पिता अर्जुन ठाकुर) के मकान में संचा. लित ऑर्केस्ट्रा अड्डे पर छापेमारी की गई।

छापेमारी के दौरान 6 नाबालिग सहित कुल 13 महिलाओ को मुक्त कराया गया तथा एक महिला और एक पुरुष को हिरासत में लिया गया।



रेस्क्यू की गई सभी नाबालिग बालिकाएं उत्तर प्रदेश की निवासी बताई गई हैं। ऑर्केस्ट्रा संचालिका मध्य प्रदेश की निवासी बताई गई हैं। सरमेरा थाना अध्यक्ष साकेंद्र कुमार ने बताया कि रेस्क्यू की गई बालिकाओं को महिला सिपाहियों की सुरक्षित अभिरक्षा में थाना लाया गया। इसके बाद उनका चिकित्सीय परीक्षण कराया जाएगा तथा आगे की कानूनी प्रक्रिया के तहत उन्हें सीडब्ल्यूसी (बाल कल्याण समिति) के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही, सरमेरा थाना में ऑर्केस्ट्रा संचालकों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के अंतर्गत प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गई है।




## विधानसभा में धार्मिक स्थलों की घेराबंदी पर तीखी बहस भाजपा विधायक डॉ. सुनील कुमार ने उठाए सवाल

**केशववाणी रानी सिंह की रिपोर्ट। पटना।** सोमवार को विधानसभा के सत्र के दौरान मंदिरों और मठों की घेराबंदी के मुद्दे पर सत्ता पक्ष के भीतर ही तीखी बहस देखने को मिली। भाजपा विधायक डॉ. सुनील कुमार ने सरकार से नीति में समानता की मांग करते हुए कई महत्वपूर्ण सवाल उठाए। डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि जब राज्य में कब्रिस्तानों की घेराबंदी कराई जा सकती है, तो मठ–मंदिरों की चहारदीवारी निर्माण में बाधा क्यों उत्पन्न की जा रही है। उन्होंने सवाल किया कि बिना धार्मिक न्यास परिषद में निबंधन के मठ–मंदिरों की घेराबंदी सरकारी स्तर पर क्यों नहीं कराई जा सकती। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत मठ–मंदिरों की चहारदीवारी निर्माण कराने की मांग भी रखी। इस पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने स्पष्ट किया कि जो मठ–मंदिर धार्मिक न्यास बोर्ड में निबंधित नहीं हैं, उनकी घेराबंदी सरकारी स्तर पर संभव नहीं है।बहस के दौरान डॉ. सुनील कुमार ने यह भी दावा किया कि बिहारशरीफ में कब्रिस्तान के नाम पर 83 डेसिमल सरकारी भूमि घेर लेने से रांची रोड बाधित हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ स्थानों पर कब्रिस्तान की घेराबंदी के नाम पर सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हुआ है, जिसकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए।

विधायक ने सदन में कहा कि संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है, इसलिए ध. ार्मिक स्थलों के मामले में भी सरकार की नीति समानता, पारदर्शिता और न्याय के सिद्धांतों पर आधारित होनी चाहिए। उन्होंने सभी समुदायों के धार्मिक स्थलों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए एक समान एवं स्पष्ट नीति बनाने की मांग की, ताकि सामाजिक सौहार्द और विधि–व्यवस्था दोनों मजबूत रह सके।

## नालंदा में एक महीने के अंदर वेंडिंग जोन का निर्माण त्योहारों के पहले सभी वार्डों में स्ट्रीटलाइट लगाने के निर्देश

### नगर निगम बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक में लिए कई फैसले

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहारशरीफ नगर निगम बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार, को नगर निगम कार्यालय में महापौर श्रीमती अनीता देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में उप महापौर श्रीमती आईशा शाहीन, नगर आयुक्त कुमार निशांत विवेक, सशक्त स्थायी समिति के सदस्य, सभी पार्षदगण, उप नगर आयुक्त, नगर प्रबंधक, सहायक लोक अपशिष्ट स्वच्छता पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता (नगर विकास प्रमंडल–01), अभियंताओं एवं निगम कर्मियों ने भाग लिया। बैठक में शहर की आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने एवं राजस्व संग्रहण बढ़ाने को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगी। शहर के महलपर स्थित रैन बसेरा के समीप सरकारी भूमि पर एक माह के भीतर वेंडिंग जोन निर्माण कराने का निर्णय लिया गया। साथ ही सोहसराय थाना के समीप सड़क किनारे बसे लोगों के पुनर्वास पर सहमति बनी। नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में प्रकाश व्यवस्था बेहतर करने के उद्देश्य से चयनित संवेदक को स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्यादेश जारी करने का निर्णय लिया गया। आगामी त्योहारों से पूर्व सभी वार्डों में स्ट्रीट लाइट लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 11 से 13 मार्च 2026 तक आयोजित होने वाले मघड़ा शीतलाष्टमी मेले को लेकर भी बैठक में चर्चा हुई। मेले के दौरान साफ–सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया।



प्रॉपर्टी टैक्स की एकमुश्त अदायगी पर 31 मार्च 2026 तक लागू ब्याज माफी योजना के व्यापक प्रचार–प्रसार पर भी जोर दिया गया, ताकि अधिक से अधिक नागरिक योजना का लाभ उठाकर समय पर कर जमा कर सकें। विस्तारित वार्डों में सड़क वर्गीकरण को विभागीय स्वीकृति मिलने के बाद राजस्व संग्रहण शुरू करने का निर्णय लिया गया। साथ ही ट्रेड लाइसेंस की शत–प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के लिए रोस्टर तैयार कर सभी व्यवसायियों से लाइसेंस शुल्क वसूलने का निर्देश दिया गया। नगर निगम क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से संचालित मीट–मुर्गा दुकानों और अवैध होर्डिंग्स के विरुद्ध अभियान चलाकर विधिसम्मत कार्रवाई करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में यह भी तय किया गया कि बीपीएल परिवारों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन शुल्क में दी जा रही छूट की जानकारी व्यापक स्तर पर प्रचारित की जाएगी, ताकि पात्र लाभार्थी इसका लाभ उठा सकें। बैठक में शहर के विकास, स्वच्छता एवं राजस्व सुदृढ़ीकरण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।

## बिना लाइसेंस नहीं चलेगी मांस–मछली की दुकानें नगर निकायों को मिला सरकार का कड़ा निर्देश

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट। रिाजगीर (नालंदा)।** राज्य सरकार ने राजगीर नगर परिषद क्षेत्रों में खुले में चल रहे मांस–मछली की अवैध दुकानों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार ने सभी नगर परिषद एवं नगर पंचायतों के कार्यपालक पदाधिकारियों को पत्र जारी कर स्पष्ट कहा है कि बिना ट्रेड लाइसेंस के कोई भी दुकान संचालित नहीं की जायेगी। पत्र में कहा गया है कि सरकार के संज्ञान में यह तथ्य आया है कि राजगीर, सिलाव, नालंदा, पावापुरी, गिरियक आदि नगर निकाय क्षेत्र में अनेकों मांस–मछली की दुकानें बिना लाइसेंस के चल रही है। इतना ही नहीं उनके द्वारा लाइसेंस की शर्तों का पालन भी नहीं किया जा रहा है। यह स्थिति बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 की धारा 345 के प्रावधानों के प्रतिकूल है। सरकार ने यह भी पाया है कि कई स्थानों पर खुले में और अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में मांस मछली की बिक्री की जा रही है। मृत पशुओं को सार्वजनिक रूप से काटा और प्रदर्शित किया जा रहा है। इतना ही नहीं ऐसी दुकानें राजगीर, नालंदा और पावापुरी जैसे धार्मिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों और अन्य भीड़–भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों के समीप सड़क किनारे संचालित हो रही हैं। इससे आम लोगों के साथ पर्यटकों व तीर्थयात्रियों खासकर अहिंसा धर्म जैन, सिख, सनातन, बौद्ध के अनुयायिओं की भावनाओं और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। निर्देश में स्पष्ट कहा गया है कि सभी नगर निकाय उचित शर्तों के साथ वैध दुकानों को लाइसेंस जारी करे। जिन दुकानों के पास लाइसेंस नहीं है उन्हें बिहार नगरपालिका अधिनियम 2007 की धारा 345(4) के तहत तत्काल प्रभाव से बंद किया जाय। सरकार ने इस अभियान को प्राथमिकता के आधार पर चलाने और पालन करवाने का आदेश जारी किया है।






# पुलिस सप्ताह पर स्कूली बच्चों का थाना परिभ्रमण, पुलिस कार्यप्रणाली से हुए रूबरू

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट।** कतरीसराय, नालंदा। पुलिस सप्ताह के अवसर पर बिहार पुलिस द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत दूसरे दिन थाना परिभ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मध्य विद्यालय कतरीडिह के छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक थाना परिसर का भ्रमण किया।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों को थाना की विभिन्न शाखाओं एवं व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अपर थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने स्वयं बच्चों को ओडी ऑफिस, थाना हाजत, महिला हेल्प डेस्क, मालखाना, सरिस्ता कक्ष तथा आग. तुक कक्ष का अवलोकन कराया और वहां संचा. लित कार्यों के बारे में सरल भाषा में समझाया।

बच्चों को सीसीटीएनएस प्रणाली, विभिन्न पंजी संधारण की प्रक्रिया, प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज करने की विधि, वारंट, इश्तेहार एवं कुर्की की कार्रवाई के संबंध में भी जानकारी दी गई। साथ ही वायरलेस सेट डिवाइस, ब्रेथ एनालाइजर मशीन एवं एचएचडी डिवाइस जैसे आधुनिक उपकरणों के उपयोग से भी अवगत कराया गया। थाना परिसर का भ्रमण कर बच्चों में खासा



उत्साह देखा गया। उन्होंने पुलिस कार्यप्रणाली से जुड़े कई सवाल पूछे, जिनका संतोषजनक जवाब अधिकारियों द्वारा दिया गया।पुलिस पदाधिकारियों ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य बच्चों में कानून के प्रति जागरूकता बढ़ाना और पुलिस तथा आमजन के बीच सकारात्मक संबंध स्थापित करना है। कार्यक्रम के अंत में छात्र–छात्राओं ने पुलिस अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य पर फोकस, डाक चौपाल में सुकन्या समृद्धि योजना पर विशेष जोर

**केशववाणी अमर वर्मा की रिपोर्ट, चंडी, नालंदा।** इंडिया पोस्ट के तत्वावधान में चंडी उप डाकघर परिसर में डाक चौपाल का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य डाकघर की विभिन्न बचत योजनाओं एवं सुकन्या समृद्धि योजना की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाना था।

कार्यक्रम में कुल 1550 डाकघर बचत बैंक खाताधारकों तथा 56 सुकन्या समृद्धि योजना खाताधारकों ने भाग लिया। उपस्थित लाभार्थियों को डाक विभाग की विभिन्न बचत योजनाओं, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं एवं डिजिटल सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

डाक चौपाल के मुख्य अतिथि कुंदन कुमार ने अपने संबोधन में सुकन्या समृद्धि योजना को बालिकाओं के सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। उन्होंने अधिक से अधिक अभिभावकों से अपनी बेटियों के नाम पर खाता खुलवाने और इस योजना का लाभ उठाने की अपील की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विकास राय ने की। उन्होंने कहा कि डाक चौपाल जैसे आयोजन डाक विभाग और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का सशक्त माध्यम हैं, जिससे लोगों को सरकारी योजनाओं की सही एवं समय पर जानकारी मिलती है।




कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने डाक विभाग की योजनाओं के प्रति उत्साह व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों के निरंतर आयोजन की मांग की।



# एएसपी ने नगरनौसा थाना में लगाया जनता दरबार लोगों की सुनी समस्याएं,भूमि विवाद के अधिक मामले आए

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट,। नगरनौसा (नालंदा)।** नगरनौसा थाना परिसर में सोमवार को हिलसा एएसपी शैलजा के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान फरियादियों ने अपनी समस्याएं रखीं और उनके समाधान की मांग की।जनता दरबार में उपस्थित अधिकारियों ने फरियादियों की शिकायतों को सुना। संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। इस अवसर पर हिलसा एएसपी शैलजा ने बताया कि जनता दरबार का उद्देश्य पुलिस–पब्लिक मैत्री संबंधों को मजबूत करना, आपसी संवाद स्थापित करना और आम लोगों की समस्याओं का समाधान करना है।ग्रामीणों ने जनता दरबार में थाना क्षेत्र के भोभी गांव में एक पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग की। इसके अतिरिक्त, नगरनौसा बडीहा रोड स्थित सब्जी बाजार और ऑटो स्टैंड को अन्यत्र स्थानांतरित करने की भी अपील की गई।जनता दरबार में प्राप्त आवे. दनों में सबसे अधिक मामले भूमि विवाद से संबंधित थे। कुल 14 से अधिक आवेदन भूमि विवाद के निपटारे के लिए प्राप्त हुए। फरियादियों ने अपनी समस्याओं को विस्तार से बताते हुए न्याय की गुहार लगाई।इस मौके पर चंडी सर्किल इंस्पेक्टर सत्यम चंद्रवंशी, पुअनि ईशमा प्रवीण, पुअनि राजेश यादव, पुअनि दीपनारायण यादव सहित पूरा थाना परिवार उपस्थित था।









# जर्जर भवन में पढ़ने को मजबूर 85 बच्चे, कस्तूरी बिगहा प्राथमिक विद्यालय पर मंडरा रहा खतरा

**केशववाणी । गुड्डू कुमार की रिपोर्ट**

इस्लामपुर (नालंदा)। इस्लामपुर प्रखंड के ढेकवाहा पंचायत अंतर्गत कस्तूरी बिगहा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय का भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है। स्थिति इतनी गंभीर है कि भवन कभी भी जमींदोज हो सकता है, बावजूद इसके छात्र–छात्राएं उसी खतरनाक भवन में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। शिक्षा विभाग की लाप. रवाही से ग्रामीणों में गहरा आक्रोश और भय का माहौल है। विद्यालय में कुल 85 छात्र–छात्राएं नामांकित हैं। पहले जब कमरे जर्जर हुए तो शिक्षकों ने बरामदे में पढ़ाना शुरू किया, लेकिन अब बरामदा भी खस्ताहाल हो चुका है। छत का प्लास्टर टूटकर गिर रहा है और फर्श भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त है। बरसात के दिनों में छत से पानी टपकता रहता है, जिससे पढ़ाई लगभग ठप हो जाती है। हर समय किसी अप्रिय घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि नए विद्यालय भवन के निर्माण के लिए उन्होंने स्थानीय विधायक, सांसद और शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कई बार गुहार लगाई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। क्षेत्र के मुखिया, समाजसेवी और अभिभावक भी बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। विद्यालय में पदस्थ. ापित सहायक शिक्षक राजेश कुमार ने बताया कि स्कूल में एक बरामदा सहित दो कमरे हैं, जहां पंचम वर्ग तक के छात्रों को पढ़ाया जाता है। भवन की हालत अत्यंत खराब है और बरसात के समय स्थिति और भी भयावह हो जाती है। उन्होंने कहा कि आसपास कोई दूसरा विद्यालय नहीं होने के कारण बच्चों को मजबूरी में इसी जर्जर भवन में पढ़ना पड़ता है।



विद्यालय में पेयजल के लिए एक चापाकल और एक शौचालय की व्यवस्था है। वहीं, स्कूल परिसर की घेराबंदी नहीं होने के कारण परिसर में गंदगी फैली रहती है और मवेशी इधर–उधर घूमते रहते हैं, जिससे बच्चों को अतिरिक्त परेशानी झेलनी पड़ती है। एक ओर मुख्यमंत्री द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर शिक्षा व्यवस्था का दावा किया जा रहा है, वहीं कस्तूरी बिगहा का यह विद्यालय जमीनी हकीकत को उजागर कर रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अविलंब नए भवन के निर्माण की मांग की है, ताकि किसी बड़े हादसे से पहले बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



# दैली गांव स्थित जोगना के पास नवनिर्मित मंदिर में 5 दिवसीय भक्ति अनुष्ठान कार्यक्रम भंडारा के साथ हुआ संपन्न, भंडारा में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद किया ग्रहण

**केशववाणी राकेश पासवान की रिपोर्ट,।** रहूई(नालंदा)। हरनौत प्रखंड क्षेत्र के नेहुसा पंचायत अंतर्गत दैली गांव स्थित जोगना के पास नवनिर्मित सूर्य मंदिर में 5 दिनों से चले आ रहे भक्ति अनुष्ठान कार्यक्रम सोमवार को भंडारे के साथ संपन्न हो गया। बता दे कि इस 5 दिवसीय भक्ति अनुष्ठान कार्यक्रम के पहले दिन कलश शोभा यात्रा से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ था। वही नवनिर्मित मंदिर में भगवान ने सूर्य देव की प्राण प्रतिष्ठा के बाद 24 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया था। अखंड कीर्तन समाप्त होने के बाद मंदिर के पास भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धा भाव के साथ प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान काफी संख्या में बच्चों से लेकर बुड्ढे, महिलाएं और युवक–युवतियों की भीड़ भंडारा में लगा रहा। आयोजन कर्ताओं ने बताया कि समस्त ग्रामवासीय एवं क्षेत्रवासियों के सहयोग से यह कार्यक्रम किया गया है।जिसमें स्थानीय मुखिया एवं समाजसेवी के साथ–साथ कार्यकर्ताओं एवं ग्राम वासियों का भरपूर सहयोग रहा। उन्होंने बताया कि भंडारा लगभग दोपहर 2बजे से शुरू हुआ जो देर शाम तक चलता रहा। राजस्थान से आए हुए आचार्य मुरलीधर पांडे ने बताया कि जिस जगह पर भक्ति अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है उसे क्षेत्र के लोग धन्य हो जाते हैं और भगवान की कृपा क्षेत्र वासियों पर बनी रहती है उन्होंने कहा कि हमें ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों में चढ़ बढ़कर हिस्सा लेनी चाहिए इससे इंसान के पापों का नाश होता है। इस कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में पांच दिनों तक भक्ति और उल्लास का माहौल बना रहा।

# पॉल्ट्री फार्म में भीषण आग, पांच लाख से अधिक की संपत्ति जलकर राख

**केशववाणी अमर वर्मा की रिपोर्ट,** इस्लामपुर (नालंदा)। खुदागंज थाना क्षेत्र अंतर्गत महमूदा पंचायत के चूल्हाई बिगहा गांव के टोला मधुकर चक स्थित एक पॉल्ट्री फार्म में अचानक आग लगने से करीब पांच लाख रुपये से अधिक की संपत्ति जलकर राख हो गई। घटना गांव के दक्षिण खंधा में संचालित पॉल्ट्री फार्म में घटी।

पॉल्ट्री फार्म के संचालक अखिलेश कुमार ने बताया कि फार्म में मुर्गी के चुज्जों का पालन–पोषण किया जाता था। आग लगने से करीब पांच हजार मुर्गी के चुज्जे जलकर मर गए। इसके अलावा चुज्जों का 35 बोरा दाना, खाना खिलाने के लिए 400 प्लास्टिक की बाल्टियां, पानी पिलाने के लिए 800 प्लास्टिक की बाल्टियां, दो लकड़ी की चौकी, चार प्लास्टिक की कुर्सियां सहित अन्य सभी सामान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए। अगलगी की घटना देखते ही सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और पॉल्ट्री फार्म में लगे बोरिंग के सहारे आग बुझाने का भरसक प्रयास किया। हालांकि तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था और अधिकांश सामान जलकर राख हो चुका था। भुक्तभोगी ने घटना की लिखित सूचना स्थानीय थाना को दे दी है। आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है।



घटना पर अफसोस जताते हुए समाजसेवी अखिलेश यादव एवं बरदाहा पंचायत के उप मुखिया रंजीत यादव ने सरकार से पीड़ित को उचित मुआवजा देने की मांग की है, ताकि उन्हें हुए भारी आर्थिक नुकसान की भरपाई हो सके।




# नालंदा में अधेड़ की संदिग्ध हालत में मौत, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगा खुलासा

**केशववाणी सुनील कुमार की रिपोर्ट,।** हरनौर्त(नालंदा)। हरनौत थाना क्षेत्र के गोगीपर गांव में सोमवार को एक अधेड़ व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मृतक की पहचान गोगीपर निवासी स्व. राजेंद्र तांती के 50 वर्षीय पुत्र अशोक तांती के रूप में की गई है।

घटना के संबंध में मृतक के छोटे भाई चंदन कुमार तांती ने बताया कि रविवार को किसी बात को लेकर पति–पत्नी के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद अशोक तांती घर से बाहर चले गए और शराब पीकर लौटे। घर आने के बाद वह अपने कमरे में जाकर सो गए। सोमवार दोपहर अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने लगी और उन्हें उल्टी होने लगी। परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए हरनौत के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से प्रा. थमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल रेफर किया गया। वहां से भी स्थिति गंभीर होने पर उन्हें पावापुरी मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। अशोक तांती पेशे से चालक (ड्राइवर) थे। उनकी मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार के चीत्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया है। इस संबंध में पावापुरी ओपी प्रभारी गौरव सिंह ने बताया कि परिजनों द्वारा शराब पीने और दवा खाने की बात कही जा रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। संबंधित थाने को घटना की सूचना दे दी गई है।

वहीं हरनौत थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि फिलहाल इस मामले में कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।



# शिव प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की दूसरी संध्या हुई भक्तिमय, हरिनाम संकीर्तन पर झूमे श्रद्धालु

**केशववाणी सुनील कुमार की रिपोर्ट, हरनौत (नालंदा)**। हरनौत प्रखंड स्थित डिहरी पंचायत के हासनचक गांव में आयोजित शिव प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दूसरे दिन की संध्या पूरी तरह भक्ति रस में डूबी रही। कार्यक्रम में यज्ञाचार्य बाबा पंडित अमरकांत पाण्डेय ने शिव अवतार की विस्तृत चर्चा करते हुए उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके प्रवचन को सुनने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण और आसपास के गांवों से आए श्रद्धालु मौजूद रहे।

संध्या कार्यक्रम की शुरुआत मंगल आरती और भजन–कीर्तन से हुई। "पी ले–पी ले हरिराम की दवाई" और "हरि राम, हरि राम, हरि कृष्णा" जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। पूरा वातावरण हरिनाम संकीर्तन से गूंजायमान हो गया।

कार्यक्रम के पुजारी अवधेश कुमार उर्फ पप्पू तथा उनकी पत्नी विभा कुमारी ने भी आरती में भाग लेकर माहौल को और अधिक भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर बाबा रवि शास्त्री सहित दर्जनों साधु–संत उपस्थित रहे।



आयोजन स्थल पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी रही। देर रात तक भक्ति, प्रवचन और भजन–कीर्तन का क्रम चलता रहा, जिससे पूरा हासनचक गांव आध्यात्मिक वातावरण में सराबोर हो गया।




# बच्चों के हेल्थ के प्रति जागरूकता जरूरी

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट।** राजगीर (नालंदा)। बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति हम सबों का जागरूक होना जरूरी है। समय–समय पर उनकी जांच होनी चाहिए। ये बातें किड्जी प्री स्कूल के निदेशक रविकांत कुमार ने स्वास्थ्य शिविर में कहीं। उन्होंने बताया कि रूबन सामुदायिक अस्पताल द्वारा जांच शिविर लगाया गया। इससे कम उम्र में ही बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों की पहचान करना और उन्हें स्वस्थ जीवन शैली के प्रति जागरूक करना था। इसमें बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सोनाली सुप्रिया डॉ. सफकुल्लाह नर्सिंग स्टाफ संगीता कुमारी, रवि भूषण, अभिजीत कुमार की एक टीम ने बच्चों की सामान्य शारीरिक जांच, शारीरिक विकास और अन्य स्वास्थ्य मापदंडों की जांच की। उन्होंने बच्चों को सुझाव भी दिये। कहा कि छोटे बच्चों में होने वाली मौसमी बीमारियों, कुपोषण, और दृष्टि या श्रवण संबंधी प्रारंभिक समस्याओं का शीघ्र पता लगाना जरूरी है। चिकित्सकों ने माता–पिता को बच्चों के संतुलित पोषण, स्वच्छता और नियमित दिनचर्या के बारे में बताया। बच्चों का स्वास्थ्य उनकी शिक्षा की नींव है। यह शिविर सिर्फ बीमारी खोजने के लिए नहीं, बल्कि बच्चों को बचपन से ही शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए प्रोत्साहित करने का एक प्रयास है। रविकांत कुमार ने कहा कि शिविर में प्रीस्कूल के सभी छात्रों ने भाग लिया और अभिभावकों ने स्कूल की इस पहल की सराहना की। इस तरह के नियमित शिविर बच्चों को स्वस्थ रखने और एक सुरक्षित सीखने का वातावरण बनाने में मदद करते हैं।

# कोविल गांव में असामयिक निधन पर परिजनों से मिले धर्मेंद्र चौहान, सरकारी सहायता की मांग

**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोर्ट, इस्लामपुर (नालंदा)**। अति पिछड़ा अनुसूचित जाति/जनजाति विकास मंच के संयोजक सह जिला बीस सूत्री सदस्य एवं पूर्व मुखिया धर्मेंद्र चौहान ने कोविल गांव पहुंचकर स्वर्गीय सुरेश पासवान (46 वर्ष) के असामयिक निधन पर उनके परिजनों से मुलाकात की और गहरी संवेदना प्रकट की।

उन्होंने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाते हुए राज्य सरकार से मांग की कि मृतक के परिजनों को पारिवारिक लाभ योजना एवं आकस्मिक दुर्घटना आपदा मद के तहत चार लाख रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराई जाए। साथ ही उन्होंने मृतक की पत्नी को विधवा पेंशन तथा प्रधानमंत्री/राज्य आवास योजना का लाभ देने की भी मांग की।धर्मेंद्र चौहान ने कहा कि इस दुख की घड़ी में सरकार को पीड़ित परिवार के साथ खड़ा रहना चाहिए, ताकि उन्हें आर्थिक संबल मिल सके और परिवार का भरण–पोषण सुचारु रूप से हो सके।



# मैट्रिक परीक्षा देने आए छात्र की संदिग्ध मौत, परिजनों ने लगाया मारपीट का आरोप

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट।** राजगीर (नालंदा)। मैट्रिक परीक्षा देने राजगीर आए एक 16 वर्षीय छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मामला राजगीर थाना क्षेत्र स्थित पीटीजीएम कॉलेज के समीप का है। मृतक की पहचान सरमेरा थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव निवासी शमली यादव के पुत्र संतोष कुमार के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृतक के ममेरे भाई तनिक कुमार ने बताया कि संतोष गांव के 8–9 अन्य लड़कों के साथ मैट्रिक परीक्षा देने राजगीर गया था। रविवार रात खाना खाने के बाद बर्तन धोने के दौरान कुछ पानी गिर गया, जिससे मकान मालिक नाराज हो गया। आरोप है कि मकान मालिक ने संतोष को लात मारकर धक्का दे दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। साथ में रह रहे बच्चों ने आनन–फानन में उसे राजगीर अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। वहां से उसकी हालत गंभीर देखते हुए पावापुरी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।संतोष तीन भाइयों और एक बहन में सबसे छोटा था और इस वर्ष मैट्रिक परीक्षा दे रहा था। घटना के बाद परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है और गांव में शोक का माहौल है। वहीं राजगीर थाना का प्रभार संभाल रहे सर्किल इंस्पेक्टर संजय कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार छात्र की अचानक तबीयत बिगड़ी थी। इसके बाद परिजन उसे सिलाव स्थित एक निजी क्लीनिक ले गए, जहां से बेहतर इलाज के लिए पावापुरी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। प्रथम दृष्टया मामला बीमारी से जुड़ा प्रतीत हो रहा है।

# गोगीपर मोहल्ले में संग्धित हालत में अधेड़ व्यक्ति की इलाज के दौरान हुई मौत,जांच में जुटी पुलिस

**केशववाणी राकेश पासवान की रिपोर्ट**। हरनौत (नालंदा)। हरनौत थाना क्षेत्र के हरनौत बाजार स्थित गोगीपर मोहल्ले में एक अधेड़ व्यक्ति का संग्धित हालत में मौत हो गई। मृतक अधेड़ व्यक्ति की पहचान गोगीपर मोहल्ले के निवासी राजेंद्र ताती के पुत्र अशोक ताती के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृतक के चचेरे भाई चंदन ताती ने सोमवार की रविवार को किसी बात को लेकर पति पत्नी में झगड़ा हुआ था।जिसके बाद अशोक ताती कहीं चले गए और शराब पीकर घर लौटे थे । घर में आने के बाद वह अपने कमरे में जाकर सो गए अचानक से दोपहर के बाद उनकी तबीयत बिगड़ने लगी और वह उल्टी करने लगे इसके बाद परिजनों ने इलाज के लिए उन्हें हरनौत बाजार के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए पहले बिहार से मॉडल अस्पताल लेकर उसके बाद हालत गंभीर को देखते हुए पावापुरी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जहां पावापुरी में ही इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि अशोक ताती ड्राइवर का काम करते थे मौत की पुष्टि के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। परिवार वालों के चीत्कार से मोहल्ले का माहौल गमगीन हो गया है। वही इस मामले में पावापुरी ओपी प्रभारी गौरव सिंह ने बताया कि शराब पीने और दवा खाने से परिवार वालों के द्वारा मौत होने की बात बताई जा रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरी मॉडल अस्पताल भेज दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कर्म का सही पता चल सकेगा। उन्होंने बताया कि संबंधित थाने को घटना की जानकारी दे दी गई है। वही इस संबंध में हरनौत थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि आवेदन प्राप्त के बाद मामले की जांच की जाएगी।




